# कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण (राज0)

पता :— सी0ए0डी0 सर्किल, दशहरा ग्राउण्ड, कोटा

ई–मेल :— nnksouth@gmail.com website. Kotamc.org

क्रमांकः— ननिकोद / उपा.रा. / 2025 / 1883-95 दिनांक:— 14.10.25

## —:: ई–निविदा सूचना ::—

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में लगे अवैध यूनिपोल, होर्डिंग्स, बैनर पोस्टर (सम्पत्ति विरूपण) हटाने हेतु दो वर्ष 2025–26 व 2026–27 (कार्यादेश से दो वर्ष हेतु) के लिये **2 Bid 2 Stage (पद्धति) के अनुसार ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया** द्वारा ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | संख्या | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फीस | ठेका आरक्षित राशि (प्रतिवर्ष) | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सम्पत्ति विरूपण अवैध होर्डिंग्स, यूनिपोल, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स पम्पलेट एवं समस्त प्रकार के अवैध विज्ञापन हटाने व काटने का कार्य | | | | | |
| A | उच्च कुशल श्रमिक | 01 | 1500/– | 500/– | 1,12,008/– | 1,55,971/– |
| B | अर्द्धकुशल श्रमिक | 05 | | | 4,63,320/– | 6,45,174/– |
| C | गैस कटर मय ऑपरेटर | 01 | | | 1,87,200/– | 1,87,200/– |
| D | टाटा एस गाडी मय चालक डीजल ऑयल | 01 | | | 3,12,000/– | 3,12,000/– |
| E | क्रेन मशीन मय ऑपरेटर व डीजल ऑयल (आवश्यकतानुसार) 1000/– प्रतिघण्टा (75 घण्टे) | 01 | | | 75,000/– | 75,000/– |
| | – | अनुमानित लागत | | | | 13,75,345/– |

इस हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ऐजेन्सी निविदा प्रपत्र एवं शर्तें नगर निगम की वेब साईट **www.kotamc.org** एवं **http://sppp.rajasthan.gov.in** तथा **https://eproc.rajasthan.gov.in/** से देख एवं डाउनलोड कर सकते है। तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में निगम कार्यालय में देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **ऑनलाईन निविदा प्रपत्र मिलने एवं ऑनलाईन निविदा जमा कराने की दिनांक** | **बिन्दु सं. 1 से 5 तक दिनांक 16.10.25 से 25.10.25 तक समय 6:00 बजे** |
| **अपेक्षित डी0डी0 जमा कराने की दिनांक** | **बिन्दु सं. 1 से 5 तक दिनांक 27.10.25 समय 4:00 बजे** |
| **ऑनलाईन निविदा की तकनिकी बिड खोलने की दिनांक** | **बिन्दु सं. 1 से 5 तक दिनांक 28.10.25 समय 3:00 बजे** |
| **वित्तीय बिड खोलने की दिनांक** | **तकनीकी बिड में सफल संवेदकों की प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत खोली जावेगी।** |

उपरोक्त कार्य के लिये निर्धारित निविदा शुल्क उनके सामने अंकित राशि का डी.डी. आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण के नाम तथा प्रोसेसिंग फीस का डी0डी0 "मैनेजिंग डायरेक्टर" आर0आई0एस0एल0 जयपुर के नाम निर्धारित दिनांक 27.10.25 को सांय 4.00 बजे तक अनुसार राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा दक्षिण के "ए" ब्लॉक में प्रथमतल पर कमरा नं0 238 में पहुंच जाना चाहिये। उक्त निविदा नियत तिथि को ऑनलाईन खोली जावेगी। स्वीकृत ठेका राशि पर 18% GST एंव किसी भी प्रकार का प्रचलित कर संवेदक स्वंय को वहन करना होगा।

**नोटः–**

1. उक्त संविदा कुल राशि में 13% पी.एफ. 3.25% ई.एस.आई. देय होगा एवं 5% सर्विस चार्ज केवल क्र.सं. 1 के बिन्दु सं. A & B में सम्मिलित है। जिसको श्रमिक के खाते में जमा कराने की रसीद देने पर ही उसका भुगतान किया जावेगा। साथ ही दरें GST सहित अंकित करें।

**उपायुक्त राजस्व**
**नगर निगम कोटा (दक्षिण)**

Sampatti virupan - Gas kater.Vigyapti 2025-26.15

क्रमांकः– ननिकोद / उपा.रा. / 2025 / 7883-95 दिनांकः– 14.10.25

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान् महापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
2. श्रीमान् उपमहापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
3. श्रीमान् नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम कोटा दक्षिण।
4. श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, राजस्व कर वसूली समिति, नगर निगम कोटा दक्षिण।
5. आयुक्त महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
6. अति0 आयुक्त महोदय, नगर निगम, कोटा दक्षिण।
7. उपायुक्त प्रथम / द्वितीय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
8. मुख्य लेखाधिकारी / लेखाधिकारी महोदय, नगर निगम, कोटा दक्षिण
9. राजस्व अधिकारी / राजस्व निरीक्षक, नगर निगम कोटा दक्षिण।
10. **पुस्तकालयाध्यक्ष नगर निगम, कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त ई–निविदा सूचना एक राज्य स्तरीय समाचार पत्र के कोटा संभाग स्तरीय संस्करण में प्रकाशित करावें।**
11. कार्यालय अधीक्षक सामान्य, नगर निगम, कोटा दक्षिण।
12. प्रभारी अधिकारी, NIC को भेजकर लेख है कि उक्त निविदा का प्रकाशन राज्य लोक उपापन समिति SPPP Portal पर करना सुनिश्चित करें।
12. नोटिस बोर्ड चस्पा / गार्ड फाईल।

उपायुक्त राजस्व
नगर निगम कोटा (दक्षिण)

Sampatti virupan - Gas kater.Vigyapti 2025-26.16

# कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

## –: तकनीकी बिड :–

1. **कार्य का नामः– सम्पत्ति विरूपण अवैध होर्डिंग्स, यूनिपोल, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स पम्पलेट एंव समस्त प्रकार के अवैध विज्ञापन हटाने व काटने का कार्य**
2. कार्य की अवधि :– कार्यादेश से दो वर्ष हेतु स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज का फोटो सहित।
3. स्थाई अंकित पते की स्वःप्रमाणित प्रति जिसकी पुष्टि स्वरूप नल, बिजली, टेलिफोन, मतदाता सूची, ड्राईविंग लाईसेंस में से एक की प्रति तथा पेन कार्ड की प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
4. वैंक खाते अथवा कैंसिल चैक की सत्यप्रति तथा आधार कार्ड की प्रति।
5. आयकर प्रमाण–पत्र :– गत दो वित्तीय वर्षो **2022–23 व 2023–24** की प्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी।
6. नगर निगम कोटा दक्षिण का बकायादार न होने की एनओसी संलग्न करें।
7. कम्पनी / फर्म / संस्था / व्यक्ति के अधिकृत प्रतिनिधि का अधिकार पत्र (Power of Attorney) एवं आई0डी0 की स्वःप्रमाणित फोटो प्रति।
8. प्रस्तुत डी.डी. निविदादाता / फर्म के नाम से तैयार किया गया होना चाहिए अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जावेगा।
9. 2 प्रतिशत धरोहर राशि 27507 / – एंव निविदा शुल्क राशि 1500 / – का डी.डी. आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण के नाम देय होगा।
10. जीएसटी पंजीकरण, PF एवं ESI विभाग का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर काई विचार नहीं किया जावेगा।
11. नगर निगम कोटा दक्षिण के सदस्य / कार्मिक से प्रथम श्रेणी रक्त संबंधी नही होने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**<u>नोट</u> :– तकनीकी बिड में सफल संवेदक की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी। तकनीकी बिड में बिन्दु सं0 2 से 11 तक के दस्तावेज प्रस्तुत करने पर ही तकनकी बिड सफल मानी जावेगी।**

**हस्ताक्षर संवेदक**

**नामः–** ..........................................................

**पिता का नामः–** ..................................................

**पूर्ण पताः–** ........................................................

**मो0नं0 :–**............................................................

Sampatti virupan - Gas kater.Vigyapti 2025-26.17

# कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज0)

## –:: वित्तीय बिड़ ::–

1. कार्य का नाम :– **सम्पत्ति विरूपण अवैध होर्डिंग्स, यूनिपोल, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स पम्पलेट एंव समस्त प्रकार के अवैध विज्ञापन हटाने व काटने का कार्य**
2. कार्य की अवधि :– कार्यादेश से दो वर्ष हेतु
3. अनुमानित आय :– ............................/–
4. वित्तीय बिड़ खोलने की तिथि :– तकनीकी बिड की प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत।
5. निविदादाता का नाम व स्थाई पता मय फोन नं0 :– ............................................................
6. निविदादाता द्वारा अंकित दर :– शब्दों में ..........................................
   अक्षरों में............................................................

**नोट** :– 1. दरें अंको/शब्दों में BOQ शीट में ऑनलाईन प्रस्तावित करें।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | दर राशि प्रतिदिन | प्रतिदिन | लेबर | माह |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सम्पत्ति विरूपण अवैध होर्डिंग्स, यूनिपोल हटाने व काटने का कार्य | | | | |
| A | उच्च कुशल श्रमिक | 359 | 26 | 01 | 12 |
| B | अर्द्धकुशल श्रमिक | 297 | 26 | 05 | 12 |
| C | गेस कटर मय ऑपरेटर (आवश्यकतानुसार) | 600 | 26 | 01 | 12 |
| D | टाटा एस गाडी मय चालक डीजल ऑयल | 1000 | 26 | 01 | 12 |
| E | क्रेन मशीन मय ऑपरेटर व डीजल ऑयल (आवश्यकतानुसार) | 1000 प्रतिघंटा x (75 घंटे) | – | 01 | – |

मैं संलग्न शर्तो/निर्देशो को भली–भांती अध्ययन कर लिया है, मैं उक्त शर्तो से सहमत हूँ एवं पालन करूगां।

**हस्ताक्षर संवेदक**

नामः– ..........................................................
पिता का नामः– ............................................
पूर्ण पताः– ..................................................
मो0नं0 :–.......................................................

Sampatti virupan - Gas kater.Vigyapti 2025-26.18

# कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज0)

## नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में लगे अवैध होर्डिंग्स, यूनिपोल, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स पम्पलेट एंव समस्त प्रकार के अवैध विज्ञापन हटाने व काटने का एंव (सम्पत्ति विरूपण) ठेका की शर्ते

1. यह ठेका वार्षिक दर अनुबंध वर्ष 2025–26 व 2026–27 (कार्यादेश से दो वर्ष हेतु) प्रभावी होगा परन्तु कार्य सन्तोषप्रद होने तथा आवश्यकता को देखते हुए नवीन ठेका होने तक एक वर्ष और बढाया जा सकता है संवेदक को इसी दर पर कार्य करना होगा।
2. संवेदक को निर्धारित संख्या में उच्च कुशल/अर्द्धकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने होंगे।
3. दरें नियमानुसार सभी करों 13 प्रतिशत पी.एफ., + 3.25 प्रतिशत ई.एस.आई., 18 प्रतिशत जीएसटी एवं 5 प्रतिशत सर्विस चार्ज सहित ही दरें मान्य होगी। इससे कम दर प्राप्त होने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
4. संवेदक को उच्च कुशल, अर्द्धकुशल श्रमिक के वेतन से 12 प्रतिशत पी.एफ., 1.75 प्रतिशत ई.एस. आई. काटकर सम्बन्धित विभागों में जमा कर रसीद नगर निगम में प्रस्तुत करने पर ही आगामी माह का भुगतान किया जावेगा।
5. कोटा नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में सार्वजनिक दीवारों पिल्लरों, विद्युत खम्भों, फ्लाई ओवर के नीचे, निजी दीवारों, शौचालयों, मूत्रालयों एंव अन्य निर्देशित स्थानों पर अवैध चस्पा पम्पलेट पोस्टर, वालड्रॉप आदि को हटाने होंगे। दीवारों पर लिखित अवैध विज्ञापनों पर भी चूने की पुताई से अवैध विज्ञापन नष्ट करना होगा। जिसमें चूना, ब्रुश समस्त उपकरण संवेदक के होंगे।
6. दक्षिण नगर निगम सीमा क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों निजी भवनों, छतों एंव निजी सम्पत्तियों पर स्थापित अवैध यूनिपोल्स, होर्डिंग्स को गैस कटर से काटना होगा।
7. कार्मिकों को कार्य स्थल पर पहुँचाने का दायित्व संवेदक का होगा।
8. कार्मिकों को फ्लोरो सेन्ट जाकिट संवेदक द्वारा उपलब्ध करानी होगी।
9. कार्मिकों ऑपरेटरों/चालको को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान उनके बैंक खाते में जमा कराना होगा।

10. नाबालिक श्रमिको को नियुक्त करना पूर्णतया वर्जित है यदि संवेदक द्वारा नाबलिक श्रमिक नियोजित किये जाते है तो किसी भी प्रकार होने वाली कानूनी कार्यवाही हेतु संवेदक जिम्मेदार होंगे।

11. प्रतिदिन सुपरवाईजर सहित 05 श्रमिकों की उपस्थिति सम्बन्धित को राजस्व अनुभाग में देनी होगी संसाधन एवं सुपरवाईजर श्रमिक प्रातः 10.00 बजे संख्या अनुसार नही होने पर नियमानुसार राशि की कटौती की जावेगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वंय संवेदक की होगी।

12. श्रमिकों को कार्य में उपयोग होने वाले समस्त उपकरण जैसे कटर पाईप, बाल्टी, ब्रुश, सीढी, लोहा पत्ती (ब्लेड), दस्ताने, मास्क एवं अन्य आवश्यक उपकरण आदि संवेदक द्वारा उपलब्ध कराने होंगे।

13. उक्त ठेके के अनुसार गैस कटर मय ऑपरेटर एंव इससे सम्बन्धित समस्त उपकरण सहित आवश्यकतानुसार मौके पर उपलब्ध कराना होगा।

14. होर्डिंग्स पोल्स यूनिपोल व सभी प्रकार के लोहे के स्ट्रक्चर काटते, हटाते समय समस्त उपकरण जैसे रस्से, जैक, सरिये, सब्बल, बास–बल्लीयां संवेदक द्वारा अपने स्तर पर करनी होगी।

15. टाटा एस गाडी एंव क्रेन मय डीजल ऑयल ड्राईवर उपलब्ध कराना होगा।

16. टाटा एस गाडी के चालकों का वाणिज्यक वैद्य लाईसेन्स होना आवश्यक है लाईसेन्स की प्रति निगम में जमा करानी होगी।

17. टाटा एस गाडी का समुचित अवधि का बीमा होना आवश्यक है तथा बीमे की पालिसी की प्रति निगम में जमा करानी होगी।

18. टाटा एस गाडी का मॉडल 31.12.2015 के बाद का होना आवश्यक है गाडी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति निगम में जमा करानी होगी।

19. श्रमिकों गैस कटर ऑपरेटर गाडी चालक का सामुहिक बीमा कराना आवश्यक होगा। बीमे पालिसी की प्रति निगम में जमा करानी होगी।

20. मौके की स्थिति एंव कार्य की आवश्यकतानुसार क्रेन ऊँचाई के अनुसार मौके पर उपलब्ध करानी होगी। जिसके लिए किसी भी तरह का अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।

21. हटाये गये तमाम फ्लेक्स, बोर्ड (फटे, साबूत टूटे हुए) आदि संवेदक के वाहन के द्वारा सक्षम अधिकारी द्वारा निर्देशित स्थान पर सम्बन्धित कर्मचारी को सम्भलाया जावेगा/डालना होगा।

22. सडक किनारे व डिवाईडरों के बीच में स्थापित अवैध बोर्ड कियोस्क को फाडकर, काटकर हटाना होगा।

23. मौके पर काटे गये होर्डिंग्स पोल यूनिपोल एंव अन्य स्क्रेप को श्रमिकों, क्रेन के द्वारा निगम वाहन के द्वारा सक्षम अधिकारियों द्वारा निर्देशित स्थान पर सम्बन्धित कर्मचारी को सम्भलाना होगा।

24. होर्डिंग्स, पोल, यूनिपोल अन्य स्ट्रक्चर व बैनर फ्लेक्स पम्पलेट वालड्रॉप हटाते समय किसी भी प्रकार की दुर्घटना के लिए संवेदक उत्तरदायी होंगे। दुर्घटना से हुई किसी भी प्रकार की हानि के लिए निगम उत्तरदायी नही होगा।

25. संवेदक को उक्त सभी प्रकार के कार्यो के बिल प्रतिमाही की दस तारीख तक निगम कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे।

26. यदि किसी स्थान पर होर्डिंग्स यूनिपोल पोल काटते समय विद्युत की आवश्यकता हो तो उसकी व्यवस्था संवेदक को अपने स्तर पर करनी होगी उसके लिए अलग से कोई भुगतान देय नही होगा।

27. बिना धरोहर राशि निविदा शुल्क के कार्य निविदा मान्य नही होगी।

28. सशर्त निविदा मान्य नही होगी।

29. निविदा एंव निविदा के किसी भी भाग को बाद सक्षम स्वीकृति के निगम हित में कभी किसी भी स्तर पर मान्य नही होगा।

30. ठेका स्वीकृत होने पर ठेका राशि का 03 प्रतिशत प्रतिभूति राशि अन्दर मियाद तीन दिवस में जमा करानी होगी तथा अनुबन्ध हेतु निर्धारित राशि के स्टाम्प राजस्व शाखा में प्रस्तुत करना होगा।

31. साप्ताहिक (रविवार) छोडकर शेष दिवस में 10.30 से 6.00 बजे तक कार्य करना होगा एवं विशेष परिस्थितियों में (रविवार) सायं 6:00 बजे बाद उच्चाधिकारी/राजस्व अनुभाग/राजस्व अधिकारी/राजस्व निरीक्षक/सम्बन्धित लिपिक के निर्देशानुसार कार्य करना होगा। जिसकी दैनिक कार्यो की रिपोर्ट राजस्व अनुभाग दक्षिण में सायं 6.00 बजे से पूर्व लिखित में प्रस्तुत करनी होगी।

32. श्रमिकों, ऑपरेटरों, चालकों का पीएफ, ईएसआई जमा की प्रति सम्बन्धित विभाग में जमा कराने के उपरांत ही आगामी माह का भुगतान किया जावेगा।

33. गाडी, क्रेन, गैस कटर खराब होने की स्थिति में तुरन्त दूसरी गाडी, क्रेन, गैस कटर की व्यवस्था करनी होगी अन्यथा उक्त दिवस का भुगतान नही किया जावेगा।

34. किसी भी विवाद के लिए न्याय क्षेत्र कोटा होगा।

35. भुगतान प्रत्येक साइट का कार्य करने से पूर्व, कार्य के दौरान एवं कार्य पूर्ण करने के पश्चात् प्रमाणित फोटोग्राफ प्रस्तुत करने पर ही होगा।

36. फोटोग्राफ बिल के साथ संवेदक को प्रस्तुत करने होंगे।

उपायुक्त राजस्व
नगर निगम कोटा दक्षिण

हस्ताक्षक संवेदक

Sampatti virupan - Gas kater.Vigyapti 2025-26.21